# महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांकः रू0वि0/प0नि0का0/2026/1376 दिनांकः 01.09.2026

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय पत्रांक पत्रांक रू0वि0/प0नि0का0/2026/1358 दिनांक 24.08.2026 एवं पत्रांक रू0वि0/प0नि0का0/2026/1374 दिनांक 29.08.2026 जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय की स्नातक उत्तीर्ण टॉप 05 प्रतिशत छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना से सम्बन्धित अभिलेखों के साथ दिनांक 25.08.2026, 26.08.2026 एवं 27.08.2026 को विश्वविद्यालय में उपस्थित होने के निर्देश निर्गत किये गये थे। ऐसी छात्राएं जो 25.08.2026, 26.08.2026, 27.08.2026 एवं 31.08.2026 को विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर वांछित अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी हैं। विश्वविद्यालय द्वारा संबंधित छात्राओं को पुनः दिनांक 02.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे के मध्य अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अभिलेख जमा करने का अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऐसी छात्राएं जो 02.09.2026 तक रिपोर्ट नहीं करती है, के सम्बन्ध में यह अवधारित किया जायेगा कि वह उक्त योजना हेतु अभिलेख प्रस्तुत करने की इच्छुक नहीं हैं। इसके अतिरिक्त ऐसी छात्राएं जो किसी भी कारणवश दिनांक 25.08.2026, 26.08.2026, 27.08.2026, 27.08.2026 एवं 31.08.2026 को अपना एक या एक से अधिक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर पायी हैं, ऐसी छात्राओं को दिनांक 02.09.2026 को भी विश्वविद्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने का अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। 80 प्रतिशत दिव्यांग, शहीद परिवार एवं निराश्रित छात्राएं जिन्होंने 2026 में स्नातक में 66.3 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं किन्तु विश्वविद्यालय की सूची में जिनका नाम नहीं है, भी उक्त स्कूटी योजना हेतु अपने अभिलेख सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता, शहीद परिवार, निराश्रित प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत करें। ऐसी छात्राएं जिनके परिवार की आय 12 लाख से अधिक है अथवा उत्तर प्रदेश राज्य की स्थायी निवासी नहीं है, स्कूटी योजना हेतु पात्र नहीं हैं। ऐसी छात्राएं जिन्होंने समस्त अभिलेख पूर्व में विश्वविद्यालय में जमा कर दिये हैं, को पुनः आने की आवश्यकता नहीं है।

अभिलेख जो प्रस्तुत करने अनिवार्य है–

1. APAAR ID
2. Date Of Birth
3. Mobile No (जो आधार से लिंक हो)
4. Category
5. Latest Domicile Application No. (Issued by E-District Portal)
6. Latest Domicile ID (Issued by E-District Portal)
7. Latest Income Application No. (Issued by E-District Portal)
8. Latest Income Certificate Id (Issued by E-District Portal)
9. Graduation Marksheets (All Semester)
10. Adhar Card

उपरोक्त योजना के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु निम्नलिखित से सम्पर्क कर सकते है–

- प्रो0 अजीत सिंह, नोडल अधिकारी, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना (मो0 8218923996)
- श्री मनोज कुमार पाण्डेय, प्रधान सहायक (मो0 9368185682)

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रो0 अजीत सिंह, नोडल अधिकारी, रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना (मो0 8218923996)
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
3. मीडिया प्रभारी।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव।
5. संबंधित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक